पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

——————

राज्यपाल ने सी.बी.एस.ई. की दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में सफल होने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी

———————

लखनऊ : 22 जुलाई, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने सी.बी.एस.ई. द्वारा आज घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में सफलता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा परीक्षा में उनकी यह सफलता उनकी अपनी मेहनत और लगन के साथ–साथ गुरूजनों और अभिभावकों के अप्रतिम योगदान का परिणाम है।

राज्यपाल जी ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा आगामी शिक्षा के लिए कृतसंकल्प होकर वे अपने गुरूजनों और माता–पिता का आर्शीवाद लेकर देश में उच्च शिक्षित नागरिक के रूप में योगदान देने के लिए आगे बढ़ें।

——————

डा0 सीमा गुप्ता सूचना अधिकारी/राजभवन (286/42)
सम्पर्क सूत्र 8318116361